केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग

द्वितीय पूर्व परिषदीय परीक्षा **(2022- 2023)**

कक्षा- **10**

विषय - हिंदी , कोर्स - ए (कोड **002)**

अंकयोजना (सेट -1)

निर्धारित समय : **3** घंटे पूर्णांक : **80**

सामान्य निर्देशः

(1) अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।इस प्रश्न पत्र में वस्तुपरक एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं अतः अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर दें, तो उन्हें अंक दिए जाएं।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान- स्थान पर अंक न काटे जाएं।

(4) गुणवत्तापूर्ण सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

| खंड – अ (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न) | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.1 | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – | 5 अंक |
| (i) | (ख) क्योंकि वे जनमत को वाणी देते हैं। | 1अंक |
| (ii) | (घ) राष्ट्र और समाज की आवश्यकताओं तथा समस्याओं पर | 1अंक |
| (iii) | (ग) जनता को जागरुक बनाकर | 1अंक |
| (iv) | (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। | 1अंक |
| (v) | (घ) कथन iv सही है। | 1अंक |
| प्रश्न .2 | निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। | 5 अंक |
| (i) | (ख) कथन i, ii, iii सही है। | 1अंक |
| (ii) | (क) विभिन्न पुष्पों के | 1अंक |
| (iii) | (घ) चित्त से देशानुरागी हो सदा | 1अंक |
| (iv) | (ख) कथन i व ii सही है। | 1अंक |
| (v) | (क) निज पूर्वजों | 1अंक |
| | अथवा | |
| (i) | (क) राजा और रंक के | 1अंक |
| (ii) | (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। | 1अंक |
| (iii) | (ग) कथन iii व iv सही हैं। | 1अंक |
| (iv) | (ग) राजपाट त्यागकर वन गमन | 1अंक |
| (v) | (घ) मुनि वशिष्ठ के आश्रम में अध्ययन | 1अंक |
| प्रश्न.3 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- | **(1X4=4)** |
| (i) | (ग) कथन i ,iii व iv सही हैं। | 1अंक |
| (ii) | (क) जब अध्यापिका ने छात्रा की प्रशंसा की तब उसका उत्साह बढ गया। | 1अंक |
| (iii) | (ख)मिश्र वाक्य | 1अंक |
| (iv) | (क) 1 -iii, 2 -i, 3 -ii | 1अंक |
| (v) | (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य | 1अंक |
| प्रश्न .4 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – | **(1X4=4)** |
| (i) | (ग) उन्होंने कैप्टन की देशभक्ति का सम्मान किया। | 1अंक |
| (ii) | (ख) समझाने पर भी सीमा से नहीं समझा गया। | 1अंक |
| (iii) | (ख) 1-iii, 2 -i, 3 -ii | 1अंक |
| (iv) | (ग) मेरे दवारा कल आपके लिए उपहार लाया जाएगा। | 1अंक |

| | | |
|---|---|---|
| (v) | (क) फ़ुर्सत में मेरे दवारा खूब रियाज़ किया जाता है। | 1अंक |
| प्रश्न **5.** | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए **-** | **(1X4=4)** |
| (i) | (ग) सम्बंधबोधक अव्यय | 1अंक |
| (ii) | (क) जातिवाचक संज्ञा, बहवचन,स्त्रीलिंग,सम्बंध कारक | 1अंक |
| (iii) | (घ) भाववाचक संज्ञा, एकवचन,पुल्लिंग,अपादान कारक | 1अंक |
| (iv) | (ग) संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग,एकवचन, विशेष्य 'मंजिल' । | 1अंक |
| (v) | (ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग,एकवचन | 1अंक |
| प्रश्न**. 6** | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए **-** | **(1X4=4)** |
| (i) | (क) श्लेष | 1अंक |
| (ii) | (ख) उत्प्रेक्षा | 1अंक |
| (iii) | (घ) अतिशयोक्ति | 1अंक |
| (iv) | (ग) मानवीकरण | 1अंक |
| (v) | (ग) मानवीकरण | 1अंक |
| प्रश्न **.7** | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-** | **(1X5=5)** |
| (i) | (ख) तर्क – वितर्क | 1अंक |
| (ii) | (ग) सांसरिक कठिनाइयों से मुक्ति पाकर , नई राह खोजने के लिए | 1अंक |
| (iii) | (ख) अपनी नाभि में स्थित सुगंध से | 1अंक |
| (iv) | (ग) सातों स्वरों के प्रयोग की तमीज के बारे में | 1अंक |
| (v) | (ख) जो उसके पास पहले से मौजूद है | 1अंक |
| प्रश्न **8.** | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-** | **(1X2=2)** |
| (i) | (क) नेताजी की मूर्ति तो होगी पर उनकी आँखों पर चश्मा नहीं होगा। | 1अंक |
| (ii) | (ग) सात्विक गृहस्थ जीवन, सत्यवादिता, शुद्ध व्यवहार,कबीर दर्शन से सज्जित आत्मा | 1अंक |
| प्रश्न **9.** | निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-** | **(1X5=5)** |
| (i) | (ख) गोपियों के | 1अंक |
| (ii) | (क) कृष्ण वियोग की | 1अंक |
| (iii) | (ग) कृष्ण के योग संदेश को सुनकर | 1अंक |
| (iv) | (ख) कृष्ण के आगमन की | 1अंक |
| (v) | (ग) प्रेम की मर्यादा का पालन न करने का | 1अंक |
| प्रश्न **10.** | पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-** | **(1X2=2)** |
| (i) | (क) वेदना का अतीत बन जाना | 1अंक |
| (ii) | (ख) व्यंग्य के | 1अंक |
| | खंड **–** ख **(**वर्णनात्मक प्रश्न**)** | |
| प्रश्न **11.** | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए **-** | **(2x3=6)** |
| (i) | लेखिका मन्नू भंडारी के पिता जी लड़कियों को घर के बाहर निकलने की आजादी देने के पक्षधर नहीं थे ।इसी कारण भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर से बाहर तक था क्योंकि वह लड़के थे और लेखिका का दायरा घर तक ही सीमित होने का कारण यह था कि वह एक लड़की थी ।लड़का - लड़की में इसी अंतर के कारण ही भाई मोहल्ले आदि से बाहर जाकर खेल सकते थे, परंतु लेखिका नहीं जा सकती थी। | |
| (ii) | मनीषी उन सुसंस्कृत आविष्कारकों को कहा गया है जो भौतिक आवश्यकताओं के लिए नहीं अपितु मन की जिज्ञासा को शांत करने के लिए प्रकृति के रहस्य को जानना चाहते हैं । सूक्ष्म और अज्ञात रहस्यों को जानना जिनका स्वभावगत गुण रहा है।<br>मनीषियों से मिलने वाला ज्ञान उनकी सहज संस्कृति के कारण ही हमें प्राप्त होता है ।मनीषी सदैव ज्ञान की खोज में लगे रहते हैं वह कभी भी संतुष्ट होकर नहीं बैठते। | |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे । पुरानी परंपराओं का विरोध करते हुए उन्होंने अपने पुत्र की चिता को अग्नि देने का कार्य अपनी पुत्रवधू से करवाया इसके साथ ही उन्होंने पुत्रवधू को उसके भाई के साथ उसके पुनर्विवाह का आदेश देते हुए भेज दिया ।अपने बेटे की मृत्यु पर उन्होंने मृत शरीर के पास बैठकर भक्ति के पद गाए और आत्मा परमात्मा के मिलन पर उत्सव मनाने को कहा । उपरोक्त घटनाओं के आधार पर यह सिद्ध होता है कि भगत प्रचलित मान्यताओं को नहीं मानते थे। | |
| (iv) | हालदार साहब को पान वाले के द्वारा चश्मे वाले का मजाक उड़ाना अच्छा नहीं लगा क्योंकि चश्मे वाला सम्मान का पात्र था । उसके मन में देशभक्तों के प्रति आदर था । इसी कारण वह नेता जी की मूर्ति पर चश्मा लगा देता था ।शारीरिक रूप से अक्षम होते हुए व देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत था जबकि पानवाला सक्षम होते हुए से वंचित था ।इसके अतिरिक्त किसी की शारीरिक अक्षमता का मजाक उड़ाना कदापि उचित नहीं है।कहीं न कहीं यह उस मज़ाक उडाने वाले व्यक्ति की अपंग मानसिकता को दर्शाता है। | |
| प्रश्न **12.** | पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए **-** | **(2x3=6)** |
| (i) | बादलों की गर्जना का आह्वान कवि इसलिए करना चाहता है क्योंकि इसके द्वारा ही सबकी सुप्त चेतनाएं जागृत हो सकेंगी। दुखित पीडित जनों में एक उत्साह का संचार हो सकेगा। साथ ही जोरदार वर्षा से ही लोगों का मन शांत और धरती शीतल हो जाएगी और लोग परिवर्तन की ओर अग्रसर हो जाएंगे । | |
| (ii) | परशुराम द्वारा लक्ष्मण से अपने फरसे की ओर देख लेने की बात कहने के पीछे का उद्देश्य उनका लक्ष्मण को भयभीत करना था ताकि लक्ष्मण उनकी वीरता को भली प्रकार जान समझ सकें।वे यह जताना चाहते थे कि उनका फरसा लक्ष्मण का कुछ भी अहित कर सकता था | |
| (iii) | कवि ने अपने उन मित्रों को खाली करने वाले कहा है जो उसे आत्मकथा लिखने को कह रहे हैं ।कवि के निजी अनुभव बहुत कष्टकर रहे हैं । शायद कभी कवि के साथ ऐसा हुआ हो कि उनके साहित्यिक मित्रों ने उनकी खुशी और उन्नति में बाधा डाली हो। उन मित्रों ने कवि के काव्य रस को सोख कर स्वयं को उन्नत बना लिया हो ।इस प्रकार उन्होंने उसके जीवन को वंचित करने की कोशिश की हो। | |
| (iv) | गायक द्वारा ऊंचे स्वर में गाए जाने वाले सरगम को तार सप्तक कहा जाता है ।मुख्य गायक की गायकी को सफल बनाने में सहयोग करने वाले लोगों को संगतकार कहा जाता है ।जब भी मुख्य गायक अपनी गायन की प्रस्तुति करता है तो उस समय संगतकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगतकार के बिना मुख्य गायक ना तो सफल हो सकता है और ना ही उसका गाना प्रभावशाली बन सकता है ।हालांकि ऐसे लोग कभी कभार ही जनता के सामने चर्चा में आ पाते हैं। | |
| प्रश्न **13.** | पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए **-** | **(4x2=8)** |
| (i) | फौजी के इस कथन में अनेक जीवन मूल्य निहित हैं। वे कम वेतन पाकर इतना जोखिम भरा जीवन जीते हैं इसमें परोपकार परिलक्षित होता है ।हमें उनकी सेवाओं की सराहना करनी चाहिए ।उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है।<br>सीमा पर तैनात फौजियों का जीवन अत्यंत कठोर होता है ।वह अपने लिए नहीं देश के लिए जीते हैं मरते हैं ।वह विषम परिस्थितियों में हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं उन्हीं के कारण चैन की नींद सो पाते हैं।<br>उसका यह कथन उसकी कर्तव्यनिष्ठा और देशवासियों की सुरक्षा की भावना को व्यक्त करता है ।देश की सीमा पर बैठे फौजी हमारे राष्ट्र के गौरव हैं ।उनके शीश कट जाते हैं पर वे झुकते नहीं हैं । विपरीत परिस्थितियों में कष्ट झेल कर हमें चैन से रहने का अवसर देते हैं ।उनके जीवन में त्याग, समर्पण ,सेवा, कष्ट सहिष्णुता, देश - प्रेम के जो आदर्श मूल्य उनमें निहित हैं वे हमारे लिए अनुकरणीय हैं । हमें उनको अपने जीवन में अवश्य उतारना चाहिए । | |
| (ii) | माता का अंचल पाठ में जिस विद्यालय का वर्णन है वहां अध्यापक बच्चों की पिटाई करके उन्हें शारीरिक दंड देकर अनुशासन में रखते थे आज की शिक्षा व्यवस्था के अनुसार शारीरिक दंड देना वर्जित है । आजकल विद्यार्थियों को समझा-बुझाकर अनुशासन में रखने का प्रयास किया जाता है ।विद्यालय में शैक्षिक मार्गदर्शन देकर छात्रों को आत्म समायोजन तथा सामाजिक समायोजन के योग्य बनाया जाता है। आज के विद्यालयों में जो अनुशासन | |

| | | |
|---|---|---|
| | व्यवस्था है वह पुराने तरीके से बेहतर है । पिटाई व शारीरिक दंड से ,बच्चे को डराने से बच्चे का विकास नहीं हो पाता । बच्चे को अपने मन से नियमों का पालन करना आना चाहिए। | |
| (iii) | लेखन के लिए लेखक की भीतरी अवस्था मजबूर करती हैं । यह आंतरिक अनुभूति से उत्पन्न होती है। किसी घटना विशेष का अनुभव जब घनीभूत होता है तब मन में संवेदनशीलता अकुलाती है और यही अकुलाहट अभिव्यक्ति का आधार बनती है। अनुभव ,आंतरिक अनुभूति व संवेदना के बाद ही पृष्ठों पर कुछ उतरता है । बाहरी दबाव की अपेक्षा लेखन के लिए आंतरिक अनुभूति कहीं अधिक प्रभावी होती है । लेखक ने हिरोशिमा की विभीषिका को पत्थर पर उतरी मनुष्य की छाया से महसूस किया और इसी अनुभूति के घनीभूत होते ही हिरोशिमा पर कविता लिख दी। इस उदाहरण के दवारा यह वक्तव्य स्पष्ट होता है। | |
| प्रश्न **14.** | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए **-** | **(6)** |
| | विषयवस्तु 4 अंक<br>भाषा 1 अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक | 6x1=6 |
| प्रश्न**.15** | दिए गए दो औपचारिक व अनौपचारिक पत्रों में से किसी <u>एक</u> विषय पर 100 शब्दों में पत्र लेखनहेतु मूल्यांकन बिंदु<br>आरंभ और अंत की औपचारिकताएं 1अंक<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>भाषा 1अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक | 5x1= 5 |
| प्रश्न**.16** | दिए गए स्ववृत्त(बायोडाटा) व ईमेल लेखन में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों में स्ववृत्त / ईमेल लेखन हेतु मूल्यांकन बिंदु<br>प्रारूप 2अंक<br>विषय वस्तु 2अंक<br>भाषा- 1 अंक | 5x1 =5 |
| प्रश्न**.17** | दिए गए विज्ञापन /संदेश लेखन में से किसी एक विषय पर 60 शब्दों में विज्ञापन / संदेश लेखन हेतु मूल्यांकन बिंदु<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>भाषा 1अंक<br>प्रस्तुति 1अंक | 4x1=4 अंक |